# प्रदेश में मंगलवार की तुलना में साढ़े तीन हजार नए करोना संक्रमित अधिक मिले बुधवार को

## राज्य में बुधवार को 13 हजार 398 नए संक्रमित सामने आए, इससे पहले मंगलवार को 9711 रोगी पाए गए थे

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में करोना संक्रमण बेकावू होता जा रहा है। इसके चलते बुधवार को मंगलवार की तुलना में साढ़े तीन हजार से ज्यादा मामले बढ़ने के साथ ही 13 हजार 398 नए संक्रमित मिले हैं। इनमें जयपुर, अलवर और जोधपुर में सर्वाधिक नए रोगी पाए गए हैं। इधर पिछले चौबीस घंटों में राज्य में करोना से 12 और संक्रमितों की मौत हो गई है। हालाकि 8 हजार से ज्यादा मरीज ठीक भी हुए हैं।

- **पिछले चौबीस घंटों में सर्वाधिक 3310 नए मरीज जयपुर में जबकि अलवर में 1244 और जोधपुर में 1212 नए संक्रमित मिले हैं।**
- **प्रदेश में बुधवार को करोना से 12 और संक्रमितों की मौत हो गई है।**
- **इस बीच, राज्य में 8213 मरीज ठीक हुए, वहीं एक्टिव केस बढ़कर 73 हजार से अधिक हो गए हैं।**

प्रदेश में करीब एक सप्ताह तक करोना संक्रमितों का आंकड़ा नौ हजार पर रहने के बाद बुधवार को इसमें काफी वृद्धि हुई है। इस दौरान राज्य में 13 हजार 398 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले मंगलवार को 9711 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में भी नए संक्रमितों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। जिले में पिछले चौबीस घंटों में 3310 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा अलवर में 1244, जोधपुर में 1212, उदयपुर में 876, अजमेर में 587 और चित्तौड़गढ़ में 568 नए मरीज पाए गए हैं। वहीं कोटा में 429, भरतपुर में 421, सीकर में 382, पाली में 380, बीकानेर में 368, गंगानगर में 310, बाड़मेर में 294, सवाई माधोपुर में 291, डूंगरपुर में 281, भीलवाड़ा में 277, झुंझुनूं में 258, चूरू में 203, टोंक में 192, प्रतापगढ़ में 181, झालावाड़ में 150, सिरोही में 147, राजसमंद में 145, दौसा में 140, धौलपुर में 139, नागौर में 125, करौली में 106, बारां में 93, हनुमानगढ़ में 85, जैसलमेर में 69, बांसवाड़ा व बूंदी में 59-59 और जालौर में 17 नए संक्रमित मिले हैं। इसके साथ ही राज्य में संक्रमण दर बढ़कर 18.23 फीसदी हो गई है।

इधर राज्य में बुधवार को रिकवरी में और सुधार हुआ है। इस दौरान 8 हजार 213 मरीज ठीक हुए हैं। इसके साथ ही प्रदेश में अब तक इस बीमारी से 9 लाख 86 हजार 412 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। हालाकि प्रदेश में नए संक्रमितों में लगातार वृद्धि होने से एक्टिव केस बढ़कर 74 हजार 561 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 20829 मरीज जयपुर जिले में है। इसके अलावा अलवर में 6657, जोधपुर में 5284, उदयपुर में 4518, कोटा में 3145, भरतपुर में 3181, बीकानेर में 3016, पाली में 2552, अजमेर में 2500, बाड़मेर में 2316, भीलवाड़ा में 1924, चित्तौड़गढ़ में 1878, हनुमानगढ़ में 1730, सीकर 1552, सवाईमाधोपुर में 1489 और गंगानगर में 1121 तथा शेष जिलों में इससे कम मामले हैं।

वहीं दूसरी ओर प्रदेश में करोना से होने वाली मौतें के आंकड़े में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। राज्य में बुधवार को भी करोना से 12 और संक्रमितों की मौत हुई है। इनमें जयपुर में 3, जोधपुर और बीकानेर में 2-2 तथा अजमेर, अलवर, दौसा, कोटा और सीकर में 1-1 मरीज की मौत हुई है। प्रदेश में पिछले 19 दिनों में करोना से 67 लोगों की जान जा चुकी है। हालाकि राज्य में अब तक इस बीमारी से 9031 लोगों की मौत हो चुकी है।

# प्रदेश में कोविड संक्रमण की दर एक सप्ताह में दुगुनी, 7.61 प्रतिशत से बढ़कर 15.52 तक पहुंची

**जयपुर** (कासं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में कोविड के बढ़ते संक्रमण पर चिंता जताई गई। कैबिनेट ने संक्रमण की रोकथाम के लिए कोविड प्रोटोकॉल की प्रभावी पालना और शत-प्रतिशत टीकाकरण पर जोर दिया।

- **सर्दी-खांसी के मरीजों की प्राथमिकता से जांच की जाये**
- **केंद्र से 12 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों का टीकाकरण शुरू करने की मांग**

बैठक में बताया गया कि पिछले कुछ सप्ताह से पॉजिटिविटी दर लगातार बढ़ रही है। मात्र एक सप्ताह में यह दर 7.61 प्रतिशत से बढ़कर 15.52 प्रतिशत तक अर्थात् दोगुनी हो चुकी है। संक्रमण की इस गति को रोकने के लिए जरूरी है कि आमजन के द्वारा कोविड प्रोटोकॉल की निरंतर पालना की जाए। साथ ही संक्रमण को रोकने के लिए फोकस्ड सैम्पलिंग की जाए। जिन लोगों में सर्दी, खांसी, जुकाम के लक्षण हैं, उनकी प्राथमिकता से जांच हो।

यह भी बताया गया कि इस वायरस से छोटी आयु के बच्चे भी संक्रमित हो रहे हैं। देश की भावी पीढ़ी का जीवन सुरक्षित करना बेहद जरूरी है। दुनिया के कई देशों में 2 साल की आयु तक के छोटे बच्चों को वैक्सीन लग रही है, लेकिन भारत में फिलहाल 15 से 18 साल तक के किशोर वर्ग का वैक्सीनेशन हो रहा है। चूंकि हमारे देश के बच्चों में पोषण से संबंधित समस्याएं पहले से ही हैं। ऐसे में 12 साल से अधिक आयु के बच्चों का वैक्सीनेशन जल्द शुरू होना चाहिए। केन्द्र सरकार इस सम्बन्ध में जल्द निर्णय ले। बैठक में कहा गया कि केन्द्र सरकार ने प्रिकॉशन डोज 60 वर्ष से अधिक के को-मोर्बिड व्यक्तियों के लिए अनुमत की है, जबकि चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार को-मोर्बिड की स्थिति हर आयुवर्ग में हो सकती है। इसे देखते हुए बूस्टर डोज हर वर्ग के लिए अनुमत की जानी चाहिए। साथ ही प्रिकॉशन डोज के लिए 9 माह के अन्तराल को कम कर इसे 3 से 6 माह किया जाना आवश्यक है।

चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि प्रदेश में तीसरी लहर से मुकाबले के लिए पूरी तैयारी है। 18 वर्ष से अधिक आयु के 94.4 प्रतिशत लोगों को पहली तथा 78 प्रतिशत लोगों को दूसरी डोज लगा दी गई है। साथ ही 56.5 प्रतिशत किशोर-किशोरियों को पहली डोज लगाई जा चुकी है। इन सभी में राजस्थान का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। दिसम्बर माह में 1 करोड़ 31 लाख लोगों को वैक्सीन की डोज लगाई गई थी। जनवरी माह में भी इसी भावना के साथ वैक्सीनेशन किया जा रहा है। शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य आशुतोष एटी पेंडनेकर ने कोविड संक्रमण की स्थिति, तीसरी लहर से मुकाबले के लिए विकसित की जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं एवं वैक्सीनेशन के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि बीते सप्ताह में एक्टिव केसेज की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई और वर्तमान में 69 हजार से अधिक एक्टिव केसेज हैं।

# भाजपा के "आजीवन समर्पण निधि" अभियान में होगा डिजिटल ट्रांजेक्शन

**जयपुर** (कासं)। प्रदेश भाजपा की ओर से "आजीवन समर्पण निधि" अभियान के तहत पार्टी के कार्यकर्ताओं और आमजन से निधि संग्रहण का सिलसिला जारी है। पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर पार्टी फंड के लिए निधि संग्रहित कर रहे हैं। हालांकि कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए पार्टी ने अब इस अभियान का डिजिटल फॉर्मेट शुरू किया है, जिसके तहत ऑनलाइन माध्यम से निधि संग्रहण का भी विकल्प रहेगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सतीश पूनियां, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ और संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने बुधवार को इस डिजिटल ट्रांजेक्शन प्रक्रिया की शुरुआत की। पूनिया ने डिजिटल माध्यम से एक हज़ार रुपए निधि में दिए। इस प्रक्रिया में यूपीआई के माध्यम से भी कार्यकर्ता और आमजन पार्टी फंड में अपना आर्थिक सहयोग दे सकेगा।

- **भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने की अभियान की शुरूआत**
- **अब यूपीआई के ज़रिये भी कार्यकर्ता दे सकेंगे अपना सहयोग, 100 करोड़ रु. जुटाने का लक्ष्य**
- **प्रधानमंत्री मोदी के आव्हान पर चल रहा है अभियान**



**प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सतीश पूनियां, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ और संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने बुधवार को "आजीवन समर्पण निधि" अभियान के डिजिटल ट्रांजेक्शन प्रक्रिया की शुरुआत की।**

गौतलब है कि भाजपा का निधि संग्रहण अभियान पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर से शुरू हुआ है, जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 11 फरवरी तक जारी रहेगा। इस दौरान ना सिर्फ कार्यकर्ता ही पार्टी फंड में योगदान दे रहे हैं, बल्कि घर-घर दस्तक देकर आमजन से भी निधि सहयोग की भी अपील कर रहे हैं। प्रदेश भाजपा ने आजीवन सहयोग निधि अभियान के तहत विशेष सूक्ष्मदान अभियान भी शुरू किया है।

बताया जा रहा है कि अभियान के तहत भाजपा ने एक करोड़ लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। हर किसी से 100 रुपए के हिसाब से निधि ली जा रही है। इस हिसाब से राजस्थान में 100 करोड़ जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के तहत जिला स्तर पर निधि जुटाने का काम तेज़ हो गया है।

# समर्थन मूल्य पर मूंग और मूंगफली खरीद की पंजीयन सीमा को 20 प्रतिशत बढ़ाया

**जयपुर,** (का.सं.)। सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने बुधवार को बताया कि राज्य में समर्थन मूल्य पर मूंगफली के 7 जिलों (बीकानेर, श्रीगंगानगर, जैसलमेर, जोधपुर, नागौर, सीकर एवं टोंक) के 24 तथा मूंग के 11 जिलों (अजमेर, बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, जयपुर, जैसलमेर, झुंझुनू, जोधपुर, नागौर, सीकर एवं टोंक) के 48 खरीद केन्द्रों पर पंजीयन सीमा को 20 प्रतिशत बढ़ाया है। मूंग के लिए 23 जनवरी तक मूंगफली के लिए 5 फरवरी तक किसान क्रय केन्द्र या ई-मित्र केन्द्रों पर पंजीयन करा सकते है।

आंजना ने बताया कि खरीफ 2021 में समर्थन मूल्य पर मूंग, उड़द एवं मूंगफली की अब तक 489 करोड़ रुपये की खरीद कर ली गयी है। भारत सरकार द्वारा स्वीकृत 90 दिवस की खरीद अवधि के तहत 29 जनवरी तक मूंग, उड़द एवं सोयाबीन की खरीद होगी तथा मूंगफली की खरीद 15 फरवरी तक होगी। अब तक कुल पंजीकृत 98 हजार 149 किसानों में से 93 हजार 475 किसानों को जिन्स तुलाई की दिनांक राजफैड़ द्वारा आवंटित कर दी गयी है। सोयाबीन के बाजार भाव समर्थन मूल्य दर से अधिक होने के कारण किसानों द्वारा समर्थन मूल्य योजना में सोयाबीन का बेचान नहीं किया गया है


सहकारिता मंत्री ने बताया कि इस वर्ष असमय वर्षा होने के कारण मूंग की गुणवत्ता प्रभावित हुई है जिससे कई मण्डियों में बदरंग व क्षतिग्रस्त मूंग की मात्रा अधिक है। इस पर भारत सरकार को मूंग के गुणवत्ता मापदण्डों में क्षतिग्रस्त दानों की स्वीकार्य मात्रा 3 प्रतिशत के स्थान पर 10 प्रतिशत मात्रा तक खरीद करने की अनुमति प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया था। भारत सरकार द्वारा इस अनुरोध को स्वीकार न कर मूंग की निर्धारित गुणवत्ता मापदण्डों के अनुरूप ही खरीद करने के निर्देश दिये गये है।

प्रबंध निदेशक राजफैड सुषमा अरोड़ा ने बताया कि 21 हजार 900 किसानों से 41 हजार 561 मीट्रिक टन मूंग खरीदा गया है। जिसकी राशि लगभग 302 करोड़ रूपये है। 14 हजार 814 किसानों से 33 हजार 647 मीट्रिक टन मूंगफली की खरीद की गई है। जिसकी राशि 187 करोड़ रूपये है।

# एसओजी ऑफिस पर सांसद किरोड़ी का धरना

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । प्रदेश के करीब 26 लाख अभ्यर्थियों की रीट, एसआई एवं जेईएन भर्ती परीक्षा में एक के बाद एक हुई धांधली में अब तक कोई कार्रवाई ना होने का आरोप लगाते हुए सांसद डॉ. किरोड़ीलाल मीणा बुधवार को एसओजी दफ्तर के बाहर धरने पर बैठ गए। मीणा ने आरोप लगाया कि अब तक "मगरमच्छों" की गिरफ्तारी नहीं होने से सवाल खड़े हो रहे हैं। रीट मामले में अब तक सीबीआई जांच के आदेश क्यों नहीं हुए?



**रीट, एसआई और जेईएन भर्ती परीक्षा में धांधली करने वाले मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बुधवार को सांसद किरोड़ीलाल मीणा ने एसओजी के ऑफिस पर धरना दिया।**

डॉक्टर किरोड़ीलाल ने छात्रों के साथ एसओजी दफ्तर के बाहर धरना देते हुए कहा कि रीट भर्ती परीक्षा में धांधली को लेकर वे कई बार मय दस्तावेजों के सबूत दे चुके हैं। छोटी मछलियों को तो पकड लिया, लेकिन मगरमच्छ बैखोफ घूम रहे हैं। उन पर अभी तक हाथ नही डाला गया जो शक पैदा करता है। रीट पेपर लीक बहुत बड़ा स्कैम है, जिसकी जांच सीबीआई से होनी चाहिए थी, किन्तु सरकार के परोक्ष एवं अपरोक्ष लिप्त होने के कारण यह मामला सीबीआई को नहीं दिया जा रहा है। दोबारा परीक्षा आयोजन को लेकर भी कोई फैसला नहीं किया गया। मीणा ने चेतावनी दी कि इस मामले में ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो वे सत्याग्रह करने को मजबूर होंगे।

किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि एसओजी को सौंपे ज्ञापन के बिंदुओं में उठाए सवालो में प्रमुख हैं उनमें मास्टर माइंड भजनलाल विश्नोई को अभी तक क्यों नहीं पकड़ा गया? उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की जाये। बाड़मेर के हिस्ट्री शीटर तथा मास्टर माइंड भंवरलाल से अभी तक पूछताछ क्यों नहीं की गई।

श्री अग्रसेन बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय हिण्डौनसिटी के केन्द्राधीक्षक तथा शिकायतकर्ता परीक्षार्थियों से अब तक पूछताछ नहीं किया जाना समझ से बाहर है ? उनसे पूछताछ की जाये।

बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. डी.पी. जारोली की सरपरस्ती में पेपर लीक का काण्ड हुआ, जिनसे आज तक पूछताछ नही की गई। डॉ. जारोली व प्रदीप पाराशर से पूछताछ किया जाना नितान्त आवश्यक है। रीट परीक्षा के लिए जयपुर का समन्वयक एक गैर सरकारी व्यक्ति प्रदीप पाराशर को बनाया गया, जो डा. डी.पी. जारोली का घनिष्ठ मित्र है, उसे ये जिम्मेदारी क्यो दी गई ?

जयपुर के समन्वयक खुद तो गैर सरकारी व्यक्ति है, उन्होने अपने नीचे चार और गैर सरकारी व्यक्तियों को लगाया, ये चारों व्यक्ति 22 से 25 सितम्बर के बीच पेपर वितरण जैसे अति गोपनीय कार्य में शामिल थे। शिक्षा संकुल में जहां पेपर रखे गये, वहां ये चारों व्यक्ति मौजूद रहे। परीक्षा केन्द्रों तक भी गये थे। क्या इस तरह की जानकारी एसओजी ने ली है। यदि नहीं तो इस सम्बन्ध में जांच की जाये। 24 सितम्बर 2021 को डॉ. डी.पी. जारोली ने शिक्षा संकुल में जो बैठक ली, उसमें ये चारों व्यक्ति भी मौजूद थे। इन चारों व्यक्तियों ने ही पेपर निकाला और उसे आगे पहुंचाया इस प्रकरण पर पूछताछ क्यों नही की ? इन चारों लोगों के नाम डॉ. डी.पी. जारोली व प्रदीप पाराशर को पता है, एसओजी इनका नाम उजागर क्यों नही कर रही है ?

पेपर लीक प्रकरण में एकत्रित की गई 90 लाख रु. की राशि को लेकर कैलाश चन्द मीना पुत्र सेवाराम मीना थाना बालघाट (जिला करौली) उसके दो साथी रूपेश कुमार एवं विष्णु जाट ने मिलकर हत्या कर 90 लाख रू को डकार गये, जिसकी एफआईआर 298/2021 थाना बालघाट में दर्ज हुई, इन दोनों से भी आजक पूछताछ नहीं की।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के गोपनीय शाखा के अधिकारी जी.के. माथुर एक अन्य प्रकरण में एसीबी की जांच में संदिग्ध पाये गये, इसके बाद भी इन्हें वापस बोर्ड में रिटायर्ड होने के बाद गोपनीय शाखा में लगा दिया। अब तक इनसे पूछताछ नहीं की। इसलिए माथुर से पूछताछ की जाये।

इन बिन्दुओं के अलावा एसओजी के समक्ष कई प्रमाण प्रस्तुत किये गये है, जिससे रीट पेपर का बडे पैमाने पर लीक होनो प्रमाणित है, किन्तु लम्बे समय से एसओजी की चुप्पी शक पैदा करती है। राज्य के बेरोजगारों का भरोसा एसओजी से उठता जा रहा है।

# रोड़वेज में वैवाहिक पुत्री को अनुकम्पा नियुक्ति जल्द

**जयपुर।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम संचालन मण्डल ने वैवाहिक पुत्री को अनुकम्पा नियुक्ति देने के लिए निगम संचालक मण्डल में प्रस्ताव पास कर राज्य सरकार कोअनुमोदन के लिए भेजा गया हैं। राज्य सरकार द्वारा चाहे गये संशोधन कर प्रस्ताव पुनः राज्य सरकार को भेजा गया हैं, जिस पर जल्द अनुमति मिलने की संभावना है।

राजस्थान रोडवेज प्रबन्धन ने 25 से ज्यादा मृत कर्मचारी के आश्रित के तौर पर उनकी विवाहित पुत्रियों द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन किया हुआ था। अनुकम्पा नियुक्ति विनियमों में वैवाहिक पुत्री को अनुकम्पा नियुक्ति का प्रावधान नहीं होने पर सितम्बर माह में वैवाहिक पुत्री को अनुकम्पा नियुक्ति देने के लिए निगम संचालक मण्डल में प्रस्ताव प्रस्तुत कर अनुमोदन करवाया।

रोडवेज प्रबन्धन ने अनुकम्पा नियुक्ति के विनियमों में वैवाहिक पुत्री को नियुक्ति देने का प्रावधान करने के लिए राज्य सरकार से अनुमति चाही गई जिस पर राज्य सरकार द्वारा कुछ संशोधन प्रस्तावित किये गये। प्रस्तावित संशोधनों को करते हुये अनुमोदन के लिये राज्य सरकार को पुनः भिजवाया गया है, जिस पर जल्द ही अनुमति मिलने की संभावना हैं।

# गहलोत सरकार किसानों की कर्जमाफी के बजाय उनकी जमीनें नीलाम कर रही : राजेन्द्र राठौड़

**जयपुर** (कासं)। राष्ट्रीयकृत और ग्रामीण विकास बैंकों से कर्जा लेने वाले किसानों की जमीनों की नीलामी शुरू हो गई है। इसे लेकर राज्य सरकार विपक्ष के निशाने पर है। भाजपा नेताओं ने कहा है कि सरकार की इस करतूत से उनका किसान विरोधी चेहरा बेनकाब हुआ है।

उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि राजस्थान सरकार का असली चेहरा सामाने आ गया है। किसानों की जमीनें बिकना शुरू हो गई है। ग्रामीण व राष्ट्रीयकृत बैंकों से जिन 16 लाख किसानों ने कर्जा लिया, उन पर ब्याज लगता गया। किसान गुमराह होता गया। अब किसानों की जमीनों की नीलामी का सिलसिला शुरू हो गया है। मजबूर होकर किसान को आत्महत्या करनी पडेगी। राज्यसभा सांसद किरोडी लाल मीणा ने कहा कि दौसा और लालसोट में राज्य सरकार द्वारा एक किसान की जमीन कुर्की की गई थी, और सदमे में आकर किसान ने आत्महत्या कर ली है। कांग्रेस के राजकुमार राहुल बाबा आपने तो राजस्थान में पूर्ण कर्ज माफ़ी के लिए 10 तक गिनती गिनी थी। आपको यह कर्ज माफ़ी का वादा याद है या वीडियो भेज कर याद दिलाएं। इस प्रकरण को लेकर राज्यसभा सांसद किरोडी मीणा लालसोट में पीड़ित परिवार से मिले।

भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर ने कहा कि किसान कर्जामाफी के नाम पर सत्ता में आई सरकार ने किसानों को परेशान करना शुरू कर दिया है। इनके युवराज ने 10 तक गिनती की थी वो कर्जामाफी तो हुई नहीं, लेकिन निवाला छीनने का काम किया जा रह है। अलवर, चौमूं सहित कई जगहों पर किसानों की जमीन नीलामी के नोटिस आने लगे हैं। इनका नारा था अब होगा न्याय.. क्या इस तरह किसानों की जमीन छीनकर सरकार न्याय देगी।

प्रदेश मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने कहा कि किसान कर्जामाफी छोड़ सरकार के इशारे पर किसानों को नीलामी के नोटिस दिए जा रह हैं। मेरी विधानसभा चौमूं में 53 लोगों की जमीन नीलाम करने की उपखंड अधिकारी ने संबंधित पटवारी को निर्देशित किया है। रामलाल ने कहा कि चौमूं में अगर किसी ने बोली लगाई या खरीदने की कोशिश की तो उचित नहीं होगा। गरीब किसान की जमीन को ओने-पौने दामों में नीलाम कर उसे घर से बेघर करने की साजिश रची जा रही है, जो अनुचित है और गलत है।

# पत्रकार, कवि और लेखक मेघराज श्रीमाली का निधन

**जयपुर** (कासं)। पत्रकार, कवि, लेखक और राजस्थान के पांच मुख्यमंत्रियों के प्रेस अटैची रहे मेघराज श्रीमाली का मंगलवार रात सवा 11 बजे निधन हो गया। वह 91 साल के थे। उन्होंने आखिरी सांस अपने वैशाली नगर स्थित निवास स्थान पर ली। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। दो माह पूर्व ही उनकी धर्मपत्नी का भी स्वर्गवास हुआ था। वे अपने पीछे प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना प्रेरणा श्रीमाली, कॉरपारेट प्रबंधक मनोज श्रीमाली और 'बालिका वधु' धारावाहिक के लेखक के रूप में ख्याति अर्जित करने वाले लेखक पूर्णेन्दु शेखर को छोड़ कर गए हैं।

# बावुमा और डेर के शतकों से जीता द.अफ्रीका

## भारत को 31 रनों से हराया

पार्ल, 19 जनवरी। कप्तान तेम्बा बावुमा (110) और रैसी वान डेर डुसेन (नाबाद 129) के शानदार शतकों तथा उनके बीच चौथे विकेट के लिए 204 रन की जबरदस्त साझेदारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने भारत को पहले वनडे में बुधवार को 31 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

दक्षिण अफ्रीका ने 50 ओवर में चार विकेट पर 296 रन का मजबूत स्कोर बनाया जबकि लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 50 ओवर में आठ विकेट पर 265 रन ही बना पायी। भारत एक समय दो विकेट पर 152 रन बनाकर जीत की तरफ बढ़ रहा था लेकिन इसके बाद भारत ने 62 रन जोडकर अपने छह विकेट गंवा दिए। भारत का स्कोर आठ विकेट पर 214 रन हो गया और उसकी हार तय हो गयी।



भारत ने 46 रन की ठोस शुरुआत की लेकिन कप्तान लोकेश राहुल 12 रन बनाकर एडन मारक्रम की गेंद पर विकेटकीपर के हाथों लपके गए। शिखर धवन ने विराट कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी की। शिखर ने 84 गेंदों में 10 चौकों की मदद से 79 रन बना लिए थे लेकिन लेफ्ट आर्म स्पिनर केशव महराज ने उन्हें बोल्ड कर दिया।

कप्तानी से मुक्त होने के बाद खेल रहे विराट ने अपना अर्धशतक पूरा कर लिया लेकिन इसके बाद वह चाइनामैन गेंदबाज तबरेज शम्सी की गेंद पर बावुमा के हाथों लपके गए। विराट ने 63 गेंदों पर 51 रन में तीन चौके लगाए। विराट का विकेट गिरते ही भारत का संघर्ष भी समाप्त हो गया। ऋषभ पंत 16 और श्रेयस अय्यर 17 रन बनाकर आउट हुए। पदार्पण मैच खेल रहे वेंकटेश अय्यर दो रन बनाकर पवेलियन लौट गए। शार्दुल ठाकुर ने एकतरफा संघर्ष करते हुए हार का अंतर कम किया। ठाकुर ने आखिरी गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया। ठाकुर 43 गेंदों में 50 और जसप्रीत बुमराह 23 गेंदों में 14 रन बनाकर नाबाद लौटे। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से लुंगिसानी एनगिडी, तबरेज शम्सी और एंडिले फेहुक्वायो ने दो-दो विकेट हासिल किये। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। दक्षिण अफ्रीका ने खराब शुरुआत की और 68 रन तक तीन विकेट गंवा दिए। यानेमन मलान छह रन बनाने के बाद जसप्रीत बुमराह की गेंद विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों लपके गए। क्विंटन डी कॉक 27 रन बनाकर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की गेंद पर बोल्ड हो गए जबकि एडन मारक्रम चार रन बनाकर रन आउट हो गए। इस नाजुक हालत में बावुमा और वान डेर ने समझदारी के साथ बल्लेबाजी की और भारतीय गेंदबाजों को संभल कर खेला। दोनों बल्लेबाजों ने अपने शतक पूरे किये। बावुमा ने अपना दूसरा शतक बनाया जबकि वान डेर ने भी दूसरा शतक बनाया। वान डेर ने अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी बनाया। बावुमा को बुमराह ने आउट किया।

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्विंटन डी कॉक बो अश्विन | 27 | 72 | 2 | 0 |
| यानेमन मलान का पंत बो बुमराह | 06 | 21 | 1 | 0 |
| तेम्बा बावुमा का राहुल बो बुमराह | 110 | 200 | 8 | 0 |
| एडन माक्रम रन आउट | 04 | 10 | 0 | 0 |
| वैन डर डुसेन अविजित | 129 | 150 | 9 | 4 |
| डेविड मिलर अविजित | 02 | 12 | 0 | 0 |
| **अतिरिक्त :** | 18 | | | |

**कुल:** 50 ओवर में चार विकेट पर 296 रन
**विकेट पतन:** 1-19, 2-58, 3-68, 4-272
**गेंदबाजी:**-जसप्रीत बुमराह 10-0-48-2, भुवनेश्वर कुमार 10-0-64-0, शार्दुल ठाकुर 10-1-72-0, रविचंद्रन अश्विन 10-0-53-1, युजवेंद्र चहल 10-0-53-0

| भारत | | | | |
|---|---|---|---|---|
| लोकेश का डी कॉक बो मारक्रम | 12 | 17 | 0 | 0 |
| शिखर धवन बो महाराज | 79 | 84 | 10 | 0 |
| विराट कोहली का बावुमा बो शम्सी | 51 | 63 | 3 | 0 |
| ऋषभ स्टं डी कॉक बो फेहलुकवायो | 16 | 22 | 1 | 0 |
| श्रेयस का डी कॉक बो एनगिदी | 17 | 17 | 1 | 0 |
| वेंकटेश का वान डर डुसेन बो एनगिदा | 02 | 7 | 0 | 0 |
| रविचंद्रन अश्विन बो फेहलुकवायो | 07 | 13 | 0 | 0 |
| शार्दुल ठाकुर अविजित | 50 | 43 | 5 | 1 |
| भुवनेश्वर कुमार का बावुमा बो शम्सी | 04 | 11 | 0 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह अविजित | 14 | 23 | 1 | 1 |
| **अतिरिक्त:** | 10 | | | |

**कुल:** 50 ओवर में आठ विकेट पर 265
**विकेट पतन:** 1-46, 2-138, 3-152, 4-181, 5-182, 6-188, 7-199, 8-214
**गेंदबाजी:**एडन माक्रम 6-0-30-1, मार्को यानसन 9-0-49-0, केशव महराज 10-0-42-1, लुंगी एनगिदी 10-0-64-2, तबरेज शम्सी10-1-52-2, एनडिले फेहलुकवायो 5-0-26-2

बावुमा ने 143 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 110 रन बनाये जबकि वान डेर ने 96 गेंदों पर नाबाद 129 रन में नौ चौके और चार छक्के लगाए। डेविड मिलर ने दो गेंदों पर नाबाद दो रन बनाये।

# इंग्लैंड और द.अफ्रीका की जीत में चमके कप्तान

त्रिनिदाद और टोबैगो, 19 जनवरा। दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस और इंग्लैंड के टॉम प्रेस्ट ने मंगलवार को यहां आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप में अपनी-अपनी टीम के लिए मैच विजयी कप्तानी पारी खेली।

बेबी एबी के नाम से मशहूर ब्रेविस ने 108 रन बनाए और एक विकेट भी हासिल किया। उनके शानदार प्रदर्शन के कारण दक्षिण अफ्रीका ने त्रिनिदाद में खेले गए युगांडा को 121 रनों से हरा दिया। वहीं, इंग्लैंड के कप्तान प्रेस्ट ने कनाडा के खिलाफ 93 रन की पारी खेली और दो विकेट चटकाए. उमके इस शानदार प्रदर्शन की बदौतल इंग्लैंड ने कनाडा पर 106 रनों की जीत दर्ज की।

क्वींस पार्क ओवल में पहले बल्लेबाजी करने उतरे युवा दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों ने पावरप्ले में सलामी बल्लेबाज एथन-जॉन कनिंघम (1) और वेलेंटाइन किटाइम (12) का विकेट खो दिया।इसके बाद बल्लबाजी करने उतरे बेबी एबी ने दूसरी और तीसरी गेंद पर बैक-फुट पर शानदार शॉट खेलकर बाउंड्री बटोरी। ब्रेविस ने तेजी से बल्लेबाजी कर गेंदबाजों पर दबाव डाला। उन्होंने काडेन सोलोमन के साथ अर्धशतकीय साझेदारी की। इस बीच दूसरी ओर से विकेट नियमित रूप से गिरते रहे, लेकिन ब्रेविस दूसरे छोर पर जमे रहे और 41 वें ओवर में 108 गेंदों पर शतक पूरा किया और अपनी टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। दक्षिण अफ्रीका ने अपने अंतिम पांच विकेट 24 रन के भीतर खो दिए। युगांडा की ओर से जुमा मियागी ने (3-33) और पास्कल मुरुंगी ने (3-58) तीन-तीन विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछे करने उतरी युगांडा की टीम ने जल्द ही विकेट खो दिया। बाएं हाथ के एफिवे म्न्यांडा ने दूसरे ओवर में रोनाल्ड ओमारा को पवेलियन भेज दिया। इसके बाद मुतगाना और इसहाक अटेगेका ने पारी को संभाला और स्कोर 33 रन पहुंचाया। म्न्यांडा ने सुलेमान को अपना दूसरा शिकार बनाया। यह पारी की सबसे बडी साझेदारी साबित हुई। युगांडा ने अपने आखिरी पांच विकेट 24 रन पर गंवा दिए। इसके चलते पूरी टीम 110 रनों पर आल आउट हो गई। ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका का अभियान शुक्रवार को आयरलैंड के खिलाफ समाप्त होगा जबकि युगांडा का सामना शनिवार का ग्रुप लीडर्स भारत से होगा। इस बीच इंग्लैंड जिसे बंगलादेश ने पिछले मैच में केवल 98 रन का लक्ष्य दिया था।